# CCE RR

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** ವಿಷಯ : **ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Code No. : 61-H Subject : Third Language — HINDI**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) यह प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका है ।

ii) इस प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ कुल 43 प्रश्न हैं ।

iii) इसके तीन खण्ड हैं — **क, ख** और **ग** । सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।

iv) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से अक्षर के साथ लिखना है ।

v) विषयनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

vi) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

vii) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

viii) दिये गये विकल्प, अनुरूपता और जोड़कर लिखिए जैसे उत्तरों को काट–छाँट करना, दोबारा लिखना एवं चिह्न लगाना मना है । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

ix) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

x) दाहिनी तरफ हाशिया में जो जगह छोड़ा गया है उसमें कुछ मत लिखिए ।

## खण्ड - क

### ( व्याकरण - विभाग )

I. निम्नलिखित प्रश्न क्रमांक 1 से 8 के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर प्रश्नों के नीचे दिए गए रिक्त स्थान में उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

1) 'गिलहरी' शब्द का अन्य वचन है

(A) गिलहरे (B) गिलहरीयाँ

(C) गिलहरियाँ (D) गिलहरा ।

2) निम्न में दीर्घ संधि का उदाहरण है

(A) राजेश (B) संग्रहालय

(C) नयन (D) एकैक ।

3) 'बाल-बाल बचना' मुहावरे का अर्थ है

(A) खतरा मोल लेना (B) बाल बनाना

(C) खतरे से भागना (D) खतरे से बच जाना ।

4) क्या आपकी चप्पलें कोई पहन गया ? इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है

(A) अर्ध विराम (B) पूर्ण विराम

(C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादि बोधक ।

5) 'आशा' शब्द का विलोम है

(A) निराशा (B) तमाशा

(C) दुराशा (D) आशावान ।

6) कर्नाटक राज्य ......... शिल्पकला अनोखी है ।

इसमें सही कारक चिह्न होगा

(A) को (B) के

(C) से (D) की ।

7) 'पशु-पक्षी' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(A) तत्पुरुष (B) द्वंद्व

(C) द्विगु (D) कर्मधारय ।

8) 'आश्चर्य' का समानार्थक शब्द है

(A) चकित (B) आशा

(C) शोक (D) खुशी ।

## खण्ड - ख

### ( गद्य और पद्य विभाग )

II. 9) **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए :

4 × 1 = 4

| **स्तम्भ 'क'** | **स्तम्भ 'ख'** |
|---|---|
| अ) पारदर्शी प्रशासन | i) खेल-कूद से वंचित |
| आ) बसंत | ii) काल्पनिक सभागार |
| इ) साहनी जी का बचपन | iii) रश्मिरथी |
| ई) आज की दुनिया | iv) ई-गवर्नेन्स |
| | v) ईमानदार |
| | vi) मजदूरों का नेता |
| | vii) विचित्र और नवीन । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

10) महादेवी वर्मा : ज्ञानपीठ पुरस्कार : : रवींद्रनाथ ठाकुर :

11) अंतर्जाल : इंटरनेट : : काल्पनिक सभागार :

12) बसंत की सच्चाई : एकांकी : : साहित्य सागर का मोती :

13) तुलसीदास : रामभक्त कवि : : सूरदास :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक-एक वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

14) इंटरनेट का मतलब क्या है ?

15) गिल्लू सुराही के पास क्यों लेट जाता था ?

16) कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहते हैं ?

17) तिम्मक्का ने मेले में आने वाले जानवरों के लिए क्या सेवा की ?

18) दिनकर जी के अनुसार आधुनिक मानव ने किस पर विजय पायी है ?

19) भारत माता मुक्त हाथों से क्या बाँट रही है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

20) बेंगलूरू की प्रसिद्ध बृहत् संस्थाएँ कौन-कौन सी हैं ?

21) महादेवी जी ने गिलहरी के बच्चे की जान कैसे बचायी ?

22) पंडित राजकिशोर के घर प्रताप क्यों आया ?

23) भीष्म साहनी बचपन में अन्य बालकों से क्यों जलते थे ?

24) कंबार जी को लोक साहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ?

25) रवींद्रनाथ ठाकुर ने शांतिनिकेतन की स्थापना क्यों की ?

26) तुलसीदास के अनुसार राम-नाम जपने से क्या होता है ?

27) दिनकर जी के अनुसार मानव की सही पहचान क्या है ?

28) माता यशोदा कृष्ण की नाराज़गी कैसे दूर करती हैं ?

29) सत्य के बारे में महात्मा गांधी का कथन क्या है ?

**अथवा**

''शनैःचर'' का क्या अर्थ है ? इस ग्रह के बारे में लोगों का अंधविश्वास क्या है ?

30) 'समय के सदुपयोग' से क्या तात्पर्य है ?

**अथवा**

शनि ग्रह का निर्माण किस प्रकार हुआ है ? शनि के उपग्रहों की संख्या कितनी है ?

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

31) मंत्री जी को लेखक परसाई जी ने क्या समझाया ?

32) तिम्मक्का अन्य सामाजिक कार्यों में किस प्रकार योगदान दे रही हैं ?

33) 'मातृभूमि' कविता में प्राकृतिक समृद्धि का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?

34) निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।
तुलसी दया न छाँड़िए, जब लग घट में प्राण ॥

VII. 35) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 4

'भक्तों के भगवान' पाठ के आधार पर भिखारी और करोड़पति के गुणों के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

गिल्लू के क्रिया-कलापों के बारे में लिखिए ।

36) निम्नलिखित कवितांश को पूर्ण कीजिए : 4

प्रसार ..........................................................
..........................................................
..........................................................
.............................................. गा रही हैं ।

**अथवा**

तुलसी साथी .............................................. ।
.............................................. भरोसो एक ॥

## खण्ड - ग

### ( रचना - विभाग )

VIII. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :

4 × 1 = 4

37) रामायण शिक्षा का गहरा सागर है । इसमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से सम्बन्धित शिक्षा के अनेक रत्न भरे हैं । 'वाल्मीकि रामायण' संस्कृत का आदिकाव्य है । हिन्दी में रामचरित का सर्वश्रेष्ठ गान तुलसीदास का 'रामचरित मानस' है । रामचरित मानस में अपने अधिकारों के लिए मनुष्य को राम की भाँति लड़ने की शिक्षा मिलती है । राम प्रजातंत्रवाद के महान समर्थक थे । वे सब कार्य प्रजा की इच्छा के अनुरूप करते थे । तभी तो आज तक दुनिया रामराज्य के स्वप्न देखती है । मानव के लिए जितनी शिक्षाएँ जीवनोपयोगी हो सकती हैं, वे सभी हमें रामचरित मानस में मिलती हैं ।

क) संस्कृत का आदिकाव्य कौन-सा है ?

(A) वाल्मीकि रामायण (B) रामायण दर्शनम्

(C) रामचरित मानस (D) महाभारत ।

ख) श्रीराम किसके महान समर्थक थे ?

(A) मार्क्सवाद (B) तंत्रवाद

(C) प्रजातंत्रवाद (D) लोकवाद ।

ग) रामायण किसका गहरा सागर है ?

(A) प्रेरणा (B) धन

(C) मूल्य (D) शिक्षा ।

घ) रामचरित मानस से कैसी शिक्षा मिलती है ?

(A) जीवनोपयोगी (B) लोकोपयोगी

(C) समाजोपयोगी (D) शिक्षणोपयोगी ।

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड **या** अंग्रेजी में कीजिए : 4 × 1 = 4

38) रवींद्रनाथ ठाकुर श्रेष्ठ चित्रकार थे ।

39) लोग उस साहूकार को 'भक्त करोड़पति' कहते थे ।

40) कर्नाटक में कन्नड भाषा बोली जाती है ।

41) भिखारी ने उस बच्चे को अपने पास बुलाया ।

X. 42) कोई कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक से तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए एक पत्र लिखिए । 4

**अथवा**

अपने किसी यात्रा वृत्तांत का वर्णन करते हुए पिता के नाम एक पत्र लिखिए ।

XI. 43) दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 4

क) इंटरनेट से लाभ और हानि

* भूमिका
* उपयोग एवं क्षेत्र
* लाभ और हानि
* उपसंहार ।

ख) स्वच्छ भारत अभियान

* भूमिका
* सफाई का महत्व
* अभियान को सफल बनाने में आपके सुझाव
* उपसंहार ।

ग) पुस्तकालय

* अर्थ
* प्रकार
* उपयोगिता
* उपसंहार ।